वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

वित्तीय परिव्यय एवं परिणाम

पिछले दो वर्षों के दौरान बजट प्रावधानों तथा व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है:–

(करोड़ रु. मे)

वर्ष	बजट अनुमान	संशोधित अनुमान	व्यय	सं.अ. के संबंध में व्यय का %
2020-21	882.61	627.58	571.64	91.09
2021-22	534.88	644.09	360.97 (दिसंबर, 2021 तक)	56.04

वित्त वर्ष 2020–21 के दौरान संशोधित अनुमान स्तर पर 627.58 करोड़ रूपये के आबंटन की तुलना में 571.64 करोड़ रूपये का उपयोग किया गया था। वित्त वर्ष 2019–20 में उपयोग न की गई राशि मुख्य रूप से केन्द्रीय क्षेत्र की स्कीमों की पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए अनिवार्य प्रावधान से संबंधित थी।

वित्तीय वर्ष 2021–22 के दौरान (दिसम्बर, 2021 तक), सं.अ. स्तर पर 644.09 करोड़ रु. के घटे हुए आबंटन की तुलना में 360.97 करोड़ रु. का उपयोग हुआ था।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान आबंटन 393.24 करोड़ रु. रखा गया है। इसमें से 314.54 करोड़ रु. केंद्रीय क्षेत्र की स्कीमों के लिए आवंटित किए गए हैं तथा शेष 78.70 करोड़ रु. की राशि सचिवालय, नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी, कोयला नियंत्रक का संगठन, एवं कोयला खान भविष्य निधि संगठन के लिए आवंटित है।

कोयला पीएसयू के लिए वित्त वर्ष 2022–23 का पूंजी व्यय (सीएपीईएक्स) घटक 21420 करोड़ रुपए है जिसका प्रावधान आंतरिक तथा अतिरिक्त बजट संसाधनों (आईईबीआर) से किया जाना है। पीएसयू– वार बजट आवंटन तथा व्यय की विस्तृत रूपरेखा नीचे दी गई है:

(करोड़ रु. में)

पीएसयू का नाम	2020–21			2021–22			2022–23
	ब.अ.	सं.अ.	व्यय	ब.अ.	सं.अ.	व्यय (दिसंबर, 21 तक)	ब.अ.
सीआईएल	9500	10000	13283.8	14685	14685	10717.16	16500
एनएलसीआईएल	6667	6667	2881.04	2061	2061	1888.60	2920
एससीसीएल	2300	2300	1310.08	2500	2000	1500.30	2000
कुल	18467	18967	17475	19246	18746	14106.06	21420



वित्त वर्ष 2022–23 के लिए योजना/कार्यक्रम–वार आवंटन नीचे दिया गया हैं :–

(करोड़ रुपए में)

क्र.सं	स्कीम /कार्यक्रम का नाम		राजस्व
1.	सचिवालय (आर्थिक सेवाएं)		39.09
2.	सीएमपीएफओ के प्रशासनिक प्रभारों की आंशिक प्रतिपूर्ति सहित कोयला खान पेंशन योजना, 1998 (सीएमपीएस–98)		12.96
3.	कोयला नियंत्रक संगठन		10.92
4.	नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी		15.73
5.	अनुसंधान तथा विकास कार्यक्रम		10.00
6.	कोयला खानों में संरक्षण सुरक्षा तथा अवसंरचनात्मक विकास	कोयला खानों में संरक्षण एवं सुरक्षा	4.00
		कोलफील्ड क्षेत्रों में परिवहन अवसंरचना विकास	50.04
		पर्यावरणीय उपाय एवं धंसाव नियंत्रण	0.50
7.	अन्वेषण और विस्तृत ड्रिलिंग	कोयला एवं लिग्नाइट का क्षेत्रीय अन्वेषण	75.00
		गैर कोयला ब्लॉकों में विस्तृत अन्वेषण	175.00
	कुल		**393.24**

लेखा परीक्षा पैरा

2020 की रिपोर्ट सं. 18 का लेखा परीक्षा पैरा सं. 3.2– 'एनएलसीइंडिया लिमिटेड द्वारा खान–II के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में उत्खनन की आउटसोर्सिंग पर परिहार्य व्यय' पर केंद्र सरकार (वाणिज्यिक)–अनुपालन लेखा परीक्षा टिप्पणी।

क्र. सं.	पैरा सं./ रिपोर्ट सं.	लेखा परीक्षा टिप्पणियों का सार
1.	पैरा 3.2 2020 की रिपोर्ट सं.18	एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने खान–II के संबंध में लिग्नाइट के उत्खनन हेतु आउटसोर्सिंग का ठेका दिया, जबकि लिग्नाइट का आरंभिक स्टॉक, खान-II से उत्खनित लिग्नाइट की वास्तविक मात्रा और खान I से लाया गया लिग्नाइट वर्ष 2015–16 और 2016–17 के लिए खान–II से जुड़े दोनों तापीय विद्युत स्टेशनों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त था। उत्खनन के ठेके को आउटसोर्स करने के परिणामस्वरूप 28.74 करोड़ का व्यय हुआ जो परिहार्य था। इसके अलावा, आउटसोर्सिंग ठेके के माध्यम से उत्खनित मात्रा के परिणामस्वरूप इन्वेंट्री की ओवरस्टॉकिंग हुई और अंततः लिग्नाइट की गुणवत्ता में गिरावट आई।